मध्यप्रदेश विधान सभा

नवम्बर, 2002 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार, दिनांक 20 नवम्बर, 2002 (कार्तिक 29, 1924)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) डॉ. सीतासरन शर्मा, सर्वश्री नरोत्तम मिश्रा, नरेन्द्र सिंह तोमर, सदस्य, मध्यप्रदेश राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम द्वारा अमानक स्तर के बीज एवं खाद को प्रमाणित कर कृषकों को विक्रय किये जाने की ओर कृषि मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) सर्वश्री कमल पटेल, हरीशंकर जायसवाल (हरि भैया), कैलाश विजयवर्गीय, सदस्य, मुरैना जिले के रिठौरा कला क्षेत्र में मोरों का शिकार किये जाने की ओर वन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

निर्धारित समय

3. वर्ष 2002-2003 की द्वितीय अनुपूरक मांगों पर मतदान

श्री अजय मुशरान, वित्त मंत्री, निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे :-

"दिनांक 31 मार्च, 2003 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में अनुदान संख्या 1,2,3,4,6,8,10,11,12,13,15,18,21,23,24,26,27,31,33,34,37,39,41,43, 44,45,46,47,48,49,52,54,55,56,63,64, 65,66,67,72,77,79,80,81,82,84, 85 तथा 95 के लिये राज्य की संचित निधि में से प्रस्तावित व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को कुल मिलाकर सात सौ चौंतीस करोड़, सैंतालीस लाख, छः हजार, आठ सौ रुपये की अनुपूरक राशि दी जाय."

2 घन्टे

4. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री अजय मुशरान, वित्त मंत्री, मध्यप्रदेश विनियोग विधेयक, 2002 (क्रमांक 4 सन् 2002) का *पुरःस्थापन करेंगे तथा प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

5. नियम 139 के अधीन अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा

1 घन्टा 30 मि.

प्रदेश में विद्युत संकट तथा कृषकों को विद्युत पंप कनेक्शन न दिये जाने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में सर्वश्री कमल पटेल, हरीशंकर जायसवाल (हरि भैया), नरेश सिंह पटेल, रामपाल सिंह, नरेन्द्र बिरथरे, कैलाश विजयवर्गीय, राजेन्द्र भारती (दतिया), लक्ष्मीकांत शर्मा, कुंवर विजय शाह, सर्वश्री रसाल सिंह,हिम्मत कोठारी,भूपेन्द्र सिंह, लाल सिंह,राव देशराज सिंह यादव तथा डॉ. सीतासरन शर्मा, सदस्यगण, चर्चा उठायेंगे.

6. प्रतिवेदनों पर चर्चा

2 घन्टे

मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के पालन प्रतिवेदन वर्ष 1993-94 से 1997-98 तक पर चर्चा.

भोपाल :
दिनांक : 19 नवम्बर, 2002

डॉ.ए.के.पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

*अनुपूरक मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत होने के तुरन्त पश्चात्.